Exam Date - 20.10.22

28/10/22

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : **16**

No. of Pages in Booklet : **16**

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : **75**

No. of Questions in Booklet : **75**

Paper Code : **OD**

SUBJECT : **General Studies - Coach**

# LS-22

प्रश्न पुस्तिका संख्या / Question Booklet No. **7000205**

समय : **1.30** घण्टे

Time: **1.30** Hours

## Paper-I

अधिकतम अंक : **150**

Maximum Marks: **150**

**प्रश्न पुस्तिका के पेपर सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित बारकोड समान हैं। इसमें कोई भिन्नता हो, तो परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न–पत्र प्राप्त कर लें। ऐसा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।**

**On opening the paper seal/ polythene bag of the Question Booklet the candidate should ensure that Question Booklet Number and Barcode of OMR Answer Sheet must be same. If there is any difference, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश·

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
6. **OMR** उत्तर–पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर–पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से विवरण भरें।
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है। किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा।
8. मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें। गलत अथवा अपूर्ण रोल नम्बर भरने पर **5 अंक** कुल प्राप्तांकों में से काटे जा सकते हैं।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए विविध नियमों–प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही विभाग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली विभाग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
6. The **OMR** Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **blue ball point pen** only.
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. **5 Marks** can be deducted for filling wrong or incomplete Roll Number.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted. Department may also debar him/her permanently from all future examinations.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**

1. In which building of the Mughal period, for the first time the style of double dome construction was seen?
   (1) Tomb of Sahasram
   (2) Tomb of Itmad-ud-Daulah
   (3) Moti Masjid
   (4) Tomb of Humayun

1. मुगलकालीन किस इमारत में पहली बार दोहरे गुम्बद निर्माण की शैली का प्रयोग देखने को मिलता है?
   (1) सहसराम का मकबरा
   (2) एतमादुद्दौला का मकबरा
   (3) मोती मस्जिद
   (4) हुमायूँ का मकबरा

2. If a, b, c are non-zero rational numbers such that abc = 1, then the value of –
$\left(\frac{1}{1+a+b^{-1}}+\frac{1}{1+c+a^{-1}}+\frac{1}{1+b+c^{-1}}\right)$ is equal to –
   (1) 0
   (2) 1
   (3) $a+b+c$
   (4) $\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}$

2. यदि a, b, c अशून्य परिमेय संख्याएं इस प्रकार है कि abc = 1, तो –
$\left(\frac{1}{1+a+b^{-1}}+\frac{1}{1+c+a^{-1}}+\frac{1}{1+b+c^{-1}}\right)$ का मान बराबर है –
   (1) 0
   (2) 1
   (3) $a+b+c$
   (4) $\frac{1}{a}+\frac{1}{b}+\frac{1}{c}$

3. The ceramics found at Ganeshwar all belonged to the -
   (1) Ochre coloured pottery
   (2) Red Ware
   (3) Northern Black Polished ware
   (4) Painted Grey Ware

3. गणेश्वर से प्राप्त मृदभाण्ड किस प्रकार के हैं?
   (1) गैरिक मुदभाण्ड
   (2) लाल बर्तन
   (3) उत्तरी कृष्ण मार्जित मृदभाण्ड
   (4) धूसर चित्रित मृदभाण्ड

4. Who was the Prime Minister of the 'Rajasthan Union' inaugurated on 25 March, 1948?
   (1) Gokul Lal Asawa
   (2) Gokul Bhai Bhatt
   (3) Shobharam Choudhary
   (4) Teekaram Paliwal

4. 25 मार्च 1948 को, उद्घाटित 'संयुक्त राजस्थान' का प्रधानमंत्री किसे बनाया गया था?
   (1) गोकुल लाल असावा
   (2) गोकुल भाई भट्ट
   (3) शोभाराम चौधरी
   (4) टीकाराम पालीवाल

5. Where is the Dashavatara Temple of Gupta-Era situated?
   (1) Ajanta
   (2) Ellora
   (3) Deogarh
   (4) Elephanta

5. गुप्तकालीन दशावतार मन्दिर कहाँ स्थित है?
   (1) अजंता
   (2) एलोरा
   (3) देवगढ़
   (4) एलीफेंटा

6. Which of the following Plays is not attributed to Kalidasa?

(1) Abhigyan Shakuntalam
(2) Malavikagnimitra
(3) Hayagriva vadha
(4) Vikramorvashiya

6. निम्नलिखित में से कौनसा नाटक कालिदास का नहीं माना जाता?

(1) अभिज्ञान शाकुन्तलम
(2) मालविकाग्निमित्र
(3) हयग्रीव वध
(4) विक्रमोर्वशीय

7. During the Revolution of 1857, which of the following offered traditional symbol of allegiance, Nazar, to the Mughal emperor?

(1) Rawal Shiv Singh of Samode
(2) Rao Raja Khushal Singh of Auwa
(3) Lala Jai Dayal of Kota
(4) Pathan Mehrab Khan of Karauli

7. 1857 की क्रान्ति के दौरान, निम्न में से किसके द्वारा मुगल बादशाह को निष्ठा का प्रतीक, नज़र, भेंट की गई?

(1) सामोद के रावल शिव सिंह
(2) आहुवा के राव राजा कुशल सिंह
(3) कोटा के लाला जय दयाल
(4) करौली के पठान मेहराब खान

8. Who was the Governor – General during the Revolt of 1857?

(1) Lord Lytton
(2) Lord Clive
(3) Lord Curzon
(4) Lord Canning

8. 1857 के विद्रोह के समय, गवर्नर–जनरल कौन थे?

(1) लॉर्ड लिटन
(2) लॉर्ड क्लाइव
(3) लॉर्ड कर्ज़न
(4) लार्ड केनिंग

9. Shikhar was born two years after his mother's marriage. His mother is five years younger than his father. Shikhar is 10 years old and his mother is 20 years older than him. At the time of marriage, the age of his father was-

(1) 37 years
(2) 35 years
(3) 25 years
(4) 23 years

9. शिखर अपनी माता के विवाह के 2 वर्ष पश्चात् पैदा हुआ। उसकी माता उसके पिता से पाँच वर्ष छोटी है। शिखर की आयु 10 वर्ष है और उसकी माता उससे 20 वर्ष बड़ी है। विवाह के समय, उसके पिता की आयु थी–

(1) 37 वर्ष
(2) 35 वर्ष
(3) 25 वर्ष
(4) 23 वर्ष

10. Who invited Gandhi to the Ahmedabad Textile Mill strike of 1918?

(1) G.K. Gokhale
(2) Anasuya Sarabhai
(3) Ramkaran Joshi
(4) Rajkumar Shukla

10. 1918 की, अहमदाबाद कपड़ा मिल हड़ताल में गाँधीजी को किसने बुलाया?

(1) जी. के. गोखले
(2) अनसूया साराभाई
(3) रामकरण जोशी
(4) राजकुमार शुक्ला

11. Why were the peasants of Champaran discontented?
(1) They were facing famine.
(2) Local leadership was absent.
(3) The Jagirdars were physically torturing.
(4) The European planter were forcing them to grow indigo.

11. चंपारन में कृषकों के असंतोष का प्रमुख कारण क्या था?
(1) अकाल के कारण।
(2) क्षेत्रीय नेतृत्व के अभाव के कारण।
(3) जागीरदारों के ज़ुल्म के कारण।
(4) यूरोपीय बागान मालिकों द्वारा नील उगाने के लिए बाध्य किए जाने के कारण।

12. If $ax^3 + bx^2 + 4x-3$ is divisible by $(x+1)$ and $(x-2)$, then value of a and b are -
(1) $a = -\frac{11}{4}, \ b = \frac{17}{4}$
(2) $a = \frac{17}{4}, \ b = -\frac{11}{4}$
(3) $a = 2, \quad b = 3$
(4) can not be determined

12. यदि $ax^3 + bx^2 + 4x-3$, $(x+1)$ और $(x-2)$ से विभाज्य है, तो a और b का मान है –
(1) $a = -\frac{11}{4}, \ b = \frac{17}{4}$
(2) $a = \frac{17}{4}, \ b = -\frac{11}{4}$
(3) $a = 2, \quad b = 3$
(4) ज्ञात नहीं कर सकते हैं

13. A factory employed 10 labourers at ₹ 13.50 per day, 18 labourers at ₹ 12.00 per day, 5 labourers at ₹ 25.00 per day and 2 labourers at ₹ 42.00 per day. The average wage of a labourer per day is -
(1) ₹ 14
(2) ₹ 16
(3) ₹ 20
(4) ₹ 22

13. एक कारखाने में 10 श्रमिकों को 13.50 ₹ प्रतिदिन, 18 श्रमिकों को 12 ₹ प्रतिदिन, 5 श्रमिकों को 25.00 ₹ प्रतिदिन और 2 श्रमिकों को 42.00 ₹ प्रतिदिन पर कार्य पर रखा। एक श्रमिक की प्रतिदिन औसत मजदूरी है –
(1) 14 ₹
(2) 16 ₹
(3) 20 ₹
(4) 22 ₹

14. Which of the following has <u>not</u> been found from excavated ancient site of Kalibangan?
(1) Wheat
(2) Bajra
(3) Rice
(4) Ivory comb

14. निम्नलिखित में से किसके साक्ष्य कालीबंगा के पुरास्थल के उत्खनन से प्राप्त <u>नहीं</u> हुए हैं?
(1) गेहूँ
(2) बाजरा
(3) चावल
(4) हाथीदाँत की कंघी

15. If the difference of mode and median of a data is 24, then the difference of median and mean is equal to -
(1) 12
(2) 24
(3) 36
(4) 16

15. यदि एक आँकड़े के बहुलक और माध्यिका का अंतर 24 है, तो माध्यिका और माध्य का अंतर बराबर है –
(1) 12
(2) 24
(3) 36
(4) 16

16. If 'A' is a two digit prime number such that on inter changing its digits, another prime number 'B' is formed. Given A>B, such that A-B=36, then A+B is -
(1) 110
(2) 113
(3) 115
(4) 117

16. यदि 'A' दो अंकों की एक अभाज्य संख्या इस प्रकार है कि अंकों को आपस में बदलने पर एक अन्य अभाज्य संख्या 'B' बनती है। दिया गया A>B, इस प्रकार कि A-B=36, तो A+B है –
(1) 110
(2) 113
(3) 115
(4) 117

17. Who was the author of 'Prithviraj Vijaya'?
(1) Chand Bardai
(2) Jayanak
(3) Nayanchand Suri
(4) Malik Mohammad Jayasi

17. 'पृथ्वीराज विजय' का लेखक कौन था?
(1) चंदबरदाई
(2) जयानक
(3) नयनचन्द सूरी
(4) मलिक मुहम्मद जायसी

18. Who led Harawal (Advance Guard) of the army of Maharana Pratap's in the Battle of Haldighati?
(1) Abdul Lahori
(2) Mahmud Khilji
(3) Birdi Mal
(4) Hakim Khan Sur

18. हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की सेना में हरावल का नेतृत्व कौन कर रहा था?
(1) अब्दुल लाहौरी
(2) महमूद खिलजी
(3) बिरदी मल
(4) हाकिम खान सूर

19. If the radius and height of a right circular cylinder is increased each by 10%, then the percentage increase in its volume is -
(1) 121%
(2) 24%
(3) 33.1%
(4) 72.8%

19. यदि किसी लम्ब वृत्ताकार बेलन की त्रिज्या और उसकी ऊंचाई प्रत्येक में 10% की वृद्धि कर दी जाती है, तो उसके आयतन में कितने प्रतिशत वृद्धि होगी?
(1) 121%
(2) 24%
(3) 33.1%
(4) 72.8%

20. What was the Mughal centre of manuscript production called?
(1) Mahavatkhana
(2) Ibadatkhana
(3) Karkhana
(4) Kitabkhana

20. पाण्डुलिपियों के निर्माण का मुगल केन्द्र क्या कहलाता था?
(1) महावतखाना
(2) इबादतखाना
(3) कारखाना
(4) किताब खाना

21. The capacity of right circular conical vessel is 'V' having vertex downward. It is filled with water upto half of its height. The volume of the empty part of the vessel is -

(1) $\frac{V}{2}$

(2) $3\frac{V}{4}$

(3) $5\frac{V}{8}$

(4) $7\frac{V}{8}$

21. एक लम्ब वृत्तीय शंकु आकार बर्तन की क्षमता V है। जिसका शीर्ष नीचे की ओर है। वह अपनी ऊँचाई के आधे तक पानी से भरा गया। बर्तन के खाली भाग का आयतन है –

(1) $\frac{V}{2}$

(2) $3\frac{V}{4}$

(3) $5\frac{V}{8}$

(4) $7\frac{V}{8}$

22. Who was the author of 'Kiratarjuniya'?

(1). Bhasa

(2) Bharavi

(3) Shudraka

(4) Kalidasa

22. 'किरातार्जुनीय' किसके द्वारा लिखित है?

(1) भास

(2) भारवि

(3) शूद्रक

(4) कालिदास

23. Who were the two Ministers who betrayed Hammir and accelerated the fall of Ranthambore?

(1) Ranveer and Ripudaman

(2) Mahendrapal and Vigrahapal

(3) Manvendra and Mahipal

(4) Ranmal and Ratipal

23. हम्मीर के किन दो मंत्रियों की गद्दारी से रणथम्बौर का पतन त्वरित हुआ?

(1) रणवीर एवं रिपुदमन

(2) महेन्द्रपाल एवं विग्रहपाल

(3) मानवेन्द्र एवं महिपाल

(4) रणमल एवं रतिपाल

24. Who established the 'Harijan Sewa Samiti' in Dungarpur in 1935?

(1) Bhogilal Pandya

(2) Manikya Lal Verma

(3) Govindgiri

(4) Surmal Das

24. 1935 में, डूंगरपुर में किसके द्वारा 'हरिजन सेवा समिति' की स्थापना की गई?

(1) भोगीलाल पंड्या

(2) माणिक्य लाल वर्मा

(3) गोविन्द गिरि

(4) सूरमल दास

25. Who brought painters of Iran – Mir Sayyid Ali and Abdus Samad to the Mughal Court?

(1) Babur

(2) Jahangir

(3) Humayun

(4) Aurangzeb

25. मुगल दरबार में ईरान के चित्रकार –मीर सैय्यद अली और अब्दुस समद को कौन लाया था?

(1) बाबर

(2) जहाँगीर

(3) हुमायूँ

(4) औरंगज़ेब

26. When was the Ramakrishna Mission founded by Vivekananda?

(1) 1895

(2) 1896

(3) 1897

(4) 1898

26. विवेकानन्द द्वारा रामकृष्ण मिशन की स्थापना कब की गई?

(1) 1895

(2) 1896

(3) 1897

(4) 1898

**27.** Who took Rana Sanga's place when he was severely wounded in the Battle of Khanwa?

(1) Hasan Khan Mewati

(2) Silhadi Tomar

(3) Raja Ajja Jhala


(4) Mahmud Lodi

**28.** Which of the following Venn-diagram shows the proper relation among Fat Men, Blue-eyed people and Indian?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**29.** On 26 January, 1950 Rajasthan was categorised as...................................... under Indian Constitution.

(1) Part A State

(2) Part B State

(3) Part C State

(4) Part D State

**30.** Initially the diameter of a spherical balloon is 28 cm. It can explode when the diameter becomes $\frac{5}{2}$ times of initial diameter. Air is blown at the rate of 88 $cm^3$/sec in it. In how many seconds the balloon will explode?

(1) In 1902 sec

(2) In 1905 sec

(3) In 1908 sec

(4) In 1911 sec

**27.** खानवा युद्ध में भीषण घायल हो जाने के कारण सांगा का स्थान किसने लिया?

(1) हसन खाँ मेवाती

(2) सिलहदी तोमर

(3) राजा अज्जा झाला


(4) महमूद लोदी

**28.** निम्न में से कौनसा वेन–आरेख, मोटे पुरुष, नीली आँखों वाले व्यक्ति और भारतीय में, सही सम्बन्ध दर्शाता है?

(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**29.** भारतीय संविधान में 26 जनवरी, 1950 में, राजस्थान को किस श्रेणी का राज्य माना गया?

(1) भाग 'अ' राज्य

(2) भाग 'ब' राज्य

(3) भाग 'स' राज्य

(4) भाग 'द' राज्य

**30.** प्रारंभ में एक गोलाकार गुब्बारे का व्यास 28 से.मी है। यह प्रारंभिक व्यास का $\frac{5}{2}$ गुणा व्यास बनने पर फट सकता है। इसमें हवा 88 सेमी$^3$/से. की दर पर भरी जाती है। गुब्बारा कितने सेकंड में फट जाएगा?

(1) 1902 सें. में

(2) 1905 सें. में

(3) 1908 सें. में

(4) 1911 सें. में

31. उपसर्ग और प्रत्यय दोनों के योग से निर्मित शब्द है –

(1) कुटिलता (2) सुंदरता

(3) वैश्विक (4) विधायक

32. निम्नलिखित भिन्नार्थक शब्द–युग्मों में से किसका अर्थ–भेद असुमेलित है?

(1) वर्ण – व्रण = रंग – घाव (2) चपल – चपला = बिजली – चंचल

(3) देव – दैव = देवता – भाग्य (4) तर्क – तक्र = हेतुपूर्ण युक्ति – छाछ

33. किस विकल्प में सही संधि नहीं है?

(1) सत् + मति = सम्मति (2) सु + अल्प = स्वल्प

(3) लघु + उत्तर = लघूत्तर (4) उत् + शिष्ट = उच्छिष्ट

34. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) प्रव्रज्या, मृगमरीचिका, अविच्छिन्न (2) कार्यकारणी, उल्लेखित, हतोत्साह

(3) चर्मोत्कर्ष, माननीय, भवन्निष्ठ (4) पूर्वग्रह, महत्ती, एकांतिक

35. किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समानार्थक शब्द सही नहीं है?

(1) Ratification = अनुसमर्थन (2) Verbatim = शब्दशः

(3) Percentile = प्रतिशतांश (4) Statutory = सांविधिक

36. Choose the correct sentence – (Tenses)

(1) Before you know it, your children will have grown up.

(2) Before you will know it, your children will have grown up.

(3) Before you knew it, your children will have grown up.

(4) Before you shall know it, your children will have grown up.

37. Fill in the blank space using the correct comparative:

Of the two languages I am learning, I find English the...........

(1) easiest (2) easier

(3) easy (4) very easy

38. Choose the correct active sentence for the given passive sentence –

These doors must be shut. (Passive)

(1) You are requested to shut these doors. (2) You must shut these doors.

(3) You will shut the doors. (4) You are ordered to shut the doors.

39. Identify the correct option –

His chamber is.............the corridor.

(1) along (2) about

(3) into (4) among

40. Choose the prefix to indicate the antonym of the word "appropriated"-

(1) in (2) un

(3) dis (4) mis

41. Highest population growth rate during 2001-11 decade was in the district -
(1) Barmer
(2) Jaipur
(3) Kota
(4) Jodhpur

41. 2001-11 के दशक में सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि दर वाला जिला है –
(1) बाड़मेर
(2) जयपुर
(3) कोटा
(4) जोधपुर

42. Which Wildlife Sanctuary was notified as India's 52nd Tiger Reserve?
(1) Ramgarh Vishdhari, Rajasthan
(2) Mukundra Hills, Rajasthan
(3) Srivilliputhur-Megamalai, Tamil Nadu
(4) Guru Ghasidas National Park, Chhattisgarh

42. किस वन्यजीव अभ्यारण्य को भारत के 52वें टाइगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित किया गया था?
(1) रामगढ़ विषधारी, राजस्थान
(2) मुकुंदरा हिल्स, राजस्थान
(3) श्रीविल्लीपुथुर–मेगामलाई, तमिलनाडु
(4) गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान, छत्तीसगढ़

43. What is the mass of $3.011 \times 10^{23}$ number of N atoms?
(1) 3.011g
(2) $3.011 \times 10^{23}$ g
(3) 7 g
(4) 14 g

43. N परमाणुओं की $3.011 \times 10^{23}$ संख्या का द्रव्यमान क्या है?
(1) 3.011g
(2) $3.011 \times 10^{23}$ g
(3) 7 g
(4) 14 g

44. French Government's highest civilian award "Chevalier de la Legion d' Honneur" was presented to -
(1) Adar Poonawalla
(2) Narendra Modi
(3) Ram Nath Kovind
(4) Shashi Tharoor

44. फ्रांसीसी सरकार का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार "शेवेलियर डे ला लीजियन डी' होनूर" किसे प्रदान किया गया?
(1) अदार पूनावाला
(2) नरेंद्र मोदी
(3) रामनाथ कोविंद
(4) शशि थरूर

45. Which feature of the Preamble of India's Constitution is underlined by 'Elected President'?
(1) Sovereign
(2) Socialist
(3) Secular
(4) Republic

45. भारत के संविधान की उद्देशिका की कौनसी विशेषता 'निर्वाचित राष्ट्रपति' द्वारा रेखांकित की जाती है?
(1) संपूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न
(2) समाजवादी
(3) पंथनिरपेक्ष
(4) गणराज्य

46. Bhangarh, Sirawas and Bilali are situated in -
(1) Central Aravalli Region
(2) Southern Aravalli Region
(3) Northern Aravalli Region
(4) Hills of western sand dune track

46. भानगढ़, सिरावास एवं बिलाली कहाँ स्थित हैं?
(1) केन्द्रीय अरावली प्रदेश
(2) दक्षिणी अरावली प्रदेश
(3) उत्तरी अरावली प्रदेश
(4) पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र की पहाड़ियों में

47. Consider the following statements with respect to Census of India, 2011 –

(a) The sex ratio of India is 940 females per thousand males.

(b) Haryana features the lowest sex ratio in India with just 877 women per 1000 males.

Choose the incorrect answer -

(1) (a) only
(2) (b) only
(3) Both (a) and (b)
(4) None of the above

47. भारत की जनगणना 2011 के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

(a) भारत का लिंगानुपात प्रति हजार पुरुषों पर 940 महिलाएं हैं।

(b) हरियाणा में भारत में सबसे कम लिंगानुपात है, जहां प्रति 1000 पुरुषों पर सिर्फ 877 महिलाएं हैं।

गलत उत्तर चुनें –

(1) (a) केवल
(2) (b) केवल
(3) (a) और (b) दोनों
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

48. Among the following, who has been the longest serving Speaker of the House of the People?

(1) Neelam Sanjiva Reddy
(2) G.M.C. Balyogi
(3) Balram Jakhar
(4) Hukam Singh

48. निम्नलिखित में से कौन अधिकतम समय के लिए लोक सभा के अध्यक्ष के रूप में रहे हैं?

(1) नीलम संजीवा रेड्डी
(2) जी. एम. सी. बालयोगी
(3) बलराम जाखड़
(4) हुकम सिंह

49. Who were the flag bearers of India in Commonwealth Games 2022?

(1) Lovlina Borgohain and Manpreet Singh
(2) P.V. Sindhu and Manpreet Singh
(3) Lovlina Borgohain and P.V.Sindhu
(4) None of the above

49. राष्ट्रमंडल खेल 2022 में, भारत के ध्वजवाहक कौन थे?

(1) लवलीना बोरगोहेन और मनप्रीत सिंह
(2) पी.वी. सिंधु और मनप्रीत सिंह
(3) लवलीना बोरगोहेन और पी.वी.सिंधु
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

50. Which is the incorrect option?

| | Dolomite deposits | | Districts |
|---|---|---|---|
| (1) | Bajla –Kabra | - | Ajmer |
| (2) | Mandal | - | Bhilwara |
| (3) | Karauli-Kasoli | - | Rajasamand |
| (4) | Indo-ki-Dhani | - | Kota |

50. गलत युग्म कौनसा है?

| | डोलोमाइट निक्षेप | | जिला |
|---|---|---|---|
| (1) | बाजला –काबरा | - | अजमेर |
| (2) | मांडल | - | भीलवाड़ा |
| (3) | करोली–कसोली | - | राजसमंद |
| (4) | इंडो की ढाणी | - | कोटा |

51. As per Census 2011 literacy rate in Rajasthan is -

(1) 51.2%
(2) 72.2%
(3) 66.1%
(4) 83%

51. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में साक्षरता दर है –

(1) 51.2%
(2) 72.2%
(3) 66.1%
(4) 83%

52. Country's first farm based Kusum Solar Power Project is established at -
(1) Jodhpur
(2) Barmer
(3) Jaisalmer
(4) Jaipur

52. देश का प्रथम फार्म आधारित सौर्य ऊर्जा परियोजना कुसुम कहाँ स्थापित किया गया है ?
(1) जोधपुर
(2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर
(4) जयपुर

53. Who was appointed as the new Chairman of ISRO in 2022?
(1) K. Sivan
(2) S. Somnath
(3) Tapan Mishra
(4) G. Madhavan Nair

53. 2022 में, इसरो के नए अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया था?
(1) के. सिवान
(2) एस. सोमनाथ
(3) तपन मिश्रा
(4) जी. माधवन नायर

54. The World Summit on sustainable Development was held in Johannesburg, South Africa, in the year-
(1) 2022
(2) 2002
(3) 2001
(4) 2020

54. सतत् विकास पर विश्व शिखर सम्मेलन दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में आयोजित किया गया था–
(1) 2022 में
(2) 2002 में
(3) 2001 में
(4) 2020 में

55. $Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$
The above reaction is an example of -
(1) Double displacement reaction
(2) Displacement reaction
(3) Decomposition reaction
(4) Combination reaction

55. $Pb(s) + CuCl_2(aq) \rightarrow PbCl_2(aq) + Cu(s)$
उपरोक्त अभिक्रिया एक उदाहरण है –
(1) द्विविस्थापन अभिक्रिया का
(2) विस्थापन अभिक्रिया का
(3) वियोजन (अपघटन) अभिक्रिया का
(4) संयोजन अभिक्रिया का

56. Taragarh Fort is located in -
(1) Ajmer
(2) Bikaner
(3) Sawai Madhopur
(4) Jhalawar

56. तारागढ़ दुर्ग स्थित है –
(1) अजमेर
(2) बीकानेर
(3) सवाई माधोपुर
(4) झालावाड़

57. Which is a tributary of Chambal river?
(1) Jawai
(2) Mahi
(3) Kali Sindh
(4) Jakham

57. कौनसी चम्बल नदी की सहायक नदी है?
(1) जवाई
(2) माही
(3) काली सिन्ध
(4) जाखम

58. Among the following Jowar producing districts are -
   (1) Ganganagar – Hanumangarh
   (2) Ajmer – Nagaur
   (3) Dungarpur - Banswara
   (4) Barmer - Jaisalmer

59. Which division of Rajasthan is covering the largest area in the state?
   (1) Bikaner
   (2) Udaipur
   (3) Jodhpur
   (4) Bharatpur

60. A mass of 10 kg is at a point A on a table. It is moved to a point B, 2 m apart from A. If A and B lies on some horizontal line, the work done on the object by the gravitational force will be -
   (1) 20 J
   (2) 10 J
   (3) 5 J
   (4) Zero

61. Which of the following statements are correct as regards to the Public Service Commission in India?
   (a) The Constitution of India provides one Public Service Commission for recruiting all India services in the country.
   (b) The Constitution also provides provisions for the Joint State Public Service Commission to serve the needs of those requested group of states.
   (c) In case the Joint Commission, the Chairman and Members shall be appointed by the concerned Governor of the states.
   (d) Members of the Joint Public Service Commission holds office for a term of six years or till he attains the age of 65 years.

   Codes -
   (1) a, b and c only
   (2) a and b only
   (3) b, c, and d only
   (4) a only

58. निम्नांकित में से ज्वार उत्पादक जिले हैं –
   (1) गंगानगर–हनुमानगढ़
   (2) अजमेर–नागौर
   (3) डूंगरपुर–बांसवाड़ा
   (4) बाड़मेर–जैसलमेर

59. राजस्थान का कौनसा संभाग राज्य में सर्वाधिक क्षेत्रफल घेरता है?
   (1) बीकानेर
   (2) उदयपुर
   (3) जोधपुर
   (4) भरतपुर

60. 10 kg का एक द्रव्यमान मेज के बिन्दु A पर है। इसे A से 2 m दूरी पर स्थित बिन्दु B तक खिसकाया जाता है। यदि A व B एक क्षैतिज रेखा पर स्थित हैं, तो गुरुत्वीय बल द्वारा किया गया कार्य होगा –
   (1) 20 J
   (2) 10 J
   (3) 5 J
   (4) शून्य

61. भारत में लोक सेवा आयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही है?
   (a) भारत का संविधान देश में अखिल भारतीय सेवाओं की भर्ती के लिए एक लोक सेवा आयोग प्रदान करता है।
   (b) संविधान उन राज्यों के अनुरोधित समूह की जरूरतों को पूरा करने के लिए संयुक्त राज्य लोक सेवा आयोग के प्रावधान भी प्रदान करता है।
   (c) संयुक्त आयोग के मामले में, अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यों के संबंधित राज्यपाल द्वारा की जाएगी।
   (d) संयुक्त लोक सेवा आयोग के सदस्य छह वर्ष की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद धारण करते हैं।

   कूट –
   (1) केवल a, b और c
   (2) केवल a और b
   (3) केवल b, c और d
   (4) केवल a

62. Which of the following statement about the Cabinet is incorrect?

(1) Cabinet Ministers attend meetings of the Cabinet of their own right.

(2) Ministers of State can attend meetings of the Cabinet only if invited to attend any particular meeting.

(3) A Deputy-Minister takes no part in Cabinet deliberations.

(4) A Minister belonging to any House of the Parliament has the Right to Vote even if he or she is not a member of that House.

63. Mukhyamantri Ekalnari Samman Pension Yojana of Rajasthan comes under which Ministry?

(1) Ministry of Social Justice and Empowerment

(2) Ministry of Women and Child Development

(3) Ministry of Youth Affairs and Sports

(4) Planning Department

64. Select the pairs of analogous organs using the codes given below –

(A) Wings of bat and pigeon

(B) Human teeth and Elephant tusks

(C) Potato and Sweet potato

Code -

(1) (A) and (B)

(2) (B) and (C)

(3) (A) and (C)

(4) (A), (B) and (C)

65. The scientist at the Indian Veterinarian Research Institute have recently developed a low cost vaccine for which disease?

(1) Bird Flu

(2) Swine Fever

(3) Foot and Mouth disease

(4) Monkey Pox

62. मंत्रिमंडल के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?

(1) मंत्रिमडल के मंत्री स्वयं के अधिकार के आधार पर मंत्रिमंडल की बैठक में जाते हैं।

(2) राज्य मंत्री मंत्रिमंडल की किसी विशेष बैठक में केवल निमंत्रित होने पर ही जा सकते हैं।

(3) उप–मंत्री मंत्रिमंडल की किसी बैठक में भाग नहीं लेते हैं।

(4) एक मंत्री को, चाहे वे संसद के किसी भी सदन के सदस्य हों, प्रत्येक सदन में मत देने का अधिकार है यदि वे उस सदन के सदस्य हों या न हों।

63. राजस्थान की मुख्यमंत्री एकलनारी सम्मान पेंशन योजना किस मंत्रालय के अंतर्गत आती है?

(1) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

(2) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

(3) युवा मामले और खेल मंत्रालय

(4) योजना विभाग

64. नीचे दिए गए कूटों की सहायता से अंनुरूप अंगों के युग्मों का चयन करो –

(A) चमगादड़ एवं कबूतर के पंख

(B) इंसान के दाँत एवं हाथी दाँत

(C) आलू एवं शकरकंदी

कूट –

(1) (A) एवं (B)

(2) (B) एवं (C)

(3) (A) एवं (C)

(4) (A), (B) एवं (C)

65. भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक ने हाल ही में किस बीमारी के लिए कम लागत वाला टीका विकसित किया है?

(1) बर्ड फ्लू

(2) स्वाइन फीवर

(3) पैर और मुंह की बीमारी

(4) मंकी पॉक्स

66. The Westminster system adopted in India's Constitution is related to -

(1) Presidential system
(2) Parliamentary system
(3) Republican system
(4) Federal system

67. Trikoot and Nakoda hills respectively are situated in which districts of Rajasthan?

(1) Jaisalmer and Barmer
(2) Jaisalmer and Jalore
(3) Barmer and Sirohi
(4) Pali and Barmer

68. Who is the author of the book 'SWADHINATA SANGRAM NA SURVIRO'?

(1) Meenakshi Lekhi
(2) Amit Shah
(3) Bhupender Yadav
(4) Vasundhara Raje

69. Which of the following river does not belong to the inland drainage in Rajasthan?

(1) Sagi
(2) Ruparel
(3) Hakra
(4) Sahibi

70. Average rainfall of Rajasthan is -

(1) 48 – 52 cms
(2) 63 – 67 cms
(3) 56 – 58 cms
(4) 30 – 35 cms

71. Which is the first village in Rajasthan to get an Open Defecation Free Plus (ODF+) tag?

(1) Khimsar, Nagaur
(2) Jalota, Jaipur
(3) Danta, Ajmer
(4) Lohtra, Jodhpur

66. भारत के संविधान में अपनाई गई 'वेस्ट्मिंस्टर' प्रणाली का संबंध है –

(1) अध्यक्षात्मक प्रणाली से
(2) संसदीय प्रणाली से
(3) गणतंत्र प्रणाली से
(4) संघ प्रणाली से

67. त्रिकूट एवं नाकोडा पहाड़ियां राजस्थान के क्रमशः कौनसे जिलों में अवस्थित हैं?

(1) जैसलमेर एवं बाड़मेर
(2) जैसलमेर एवं जालौर
(3) बाड़मेर एवं सिरोही
(4) पाली एवं बाड़मेर

68. 'स्वाधीनता संग्राम न सुरविरो' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

(1) मीनाक्षी लेखी
(2) अमित शाह
(3) भूपेंद्र यादव
(4) वसुंधरा राजे

69. निम्नलिखित में से कौनसी नदी राजस्थान में अंतर्देशीय जल निकासी से संबंधित नहीं है?

(1) सागी
(2) रुपारेल
(3) हकरा
(4) साहिबी

70. राजस्थान की औसत वर्षा है –

(1) 48 – 52 सेमी
(2) 63 – 67 सेमी
(3) 56 – 58 सेमी
(4) 30 – 35 सेमी

71. खुले में शौच मुक्त प्लस (ODF+) टैग पाने वाला राजस्थान का पहला गाँव कौनसा है?

(1) खिमसर, नागौर
(2) जलोटा, जयपुर
(3) दंता, अजमेर
(4) लोहत्रा, जोधपुर

72. Match List-I with List-II and select the correct answer from the code given below –

| | List-I (Minerals) | | List-II (Mining Areas) |
|---|---|---|---|
| (A) | Copper | (i) | Rajpura-Dariba |
| (B) | Lead and Zinc | (ii) | Morija-Neemala |
| (C) | Iron Ore | (iii) | Chotisar-Badisar |
| (D) | Manganese | (iv) | Kho - Dariba |

Code -

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

73. With respect to the National Highway Network, the rank of Rajasthan in India is -

(1) First (2) Second
(3) Third (4) Fourth

74. Consider the following statements –

Statement I- India has achieved its target of achieving 40% of its installed electricity capacity from non-fossil energy sources by 2030 in November 2021.

Statement II- The headquarters of the International Solar Alliance is located in Cairo, Egypt.

(1) Only statement I is correct
(2) Only statement II is correct
(3) Both statement I and II are correct
(4) Both statement I and II are incorrect

75. Kankrej breed is mostly found in the district of -

(1) Banswara (2) Barmer
(3) Ajmer (4) Bhilwara

72. सूची– I को सूची– II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिये –

| | सूची–I (खनिज) | | सूची–II (खनन क्षेत्र) |
|---|---|---|---|
| (A) | ताम्र | (i) | राजपुरा–दरीबा |
| (B) | सीसा एवं जस्ता | (ii) | मोरिज़ा–नीमाला |
| (C) | लौह अयस्क | (iii) | छोटी सार–बड़ी सार |
| (D) | मैंगनीज़ | (iv) | खो–दरीबा |

कूट –

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

73. राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के संबंध में, भारत में राजस्थान का कौनसा स्थान है?

(1) पहला (2) दूसरा
(3) तीसरा (4) चौथा

74. निम्नलिखित कथनों पर विचार करें –

कथन– I भारत ने नवंबर 2021 में 2030 तक गैर–जीवाश्म ऊर्जा स्रोतों से अपनी स्थापित बिजली क्षमता का 40% प्राप्त करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है।

कथन– II अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का मुख्यालय काहिरा, मिस्र में स्थित है।

(1) केवल कथन I सही है
(2) केवल कथन II सही है
(3) कथन I और II दोनों सही हैं
(4) कथन I और II दोनों गलत हैं

75. कांकरेज नस्ल अधिकांशतः जिस जिले में पाई जाती है, वह है –

(1) बांसवाड़ा (2) बाड़मेर
(3) अजमेर (4) भीलवाड़ा

---

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिये जगह